


# ब्रिटेन-आयरलैंड में प्रवासियों पर हमले, दंगाइयों ने घर-दुकानें लूटीं

## चाकूबाजी पर भड़की हिंसा • एक दर्जन से अधिक जगहों पर आगजनी व प्रदर्शन

भास्कर न्यूज | डबलिन/लंदन

आयरलैंड के बेलफास्ट में चाकूबाजी के विरोध में शुरू हुआ प्रदर्शन बुधवार को बड़े एंटी-इमिग्रेशन दंगों में बदल गया। आयरलैंड और ब्रिटेन में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटना सामने आई। बेलफास्ट और उसके आसपास के इलाकों में नकाबपोश भीड़ ने घरों, दुकानों, बसों और कारों को निशाना बनाया। बेलफास्ट के न्यूटाउनाड्र्स रोड पर ग्लाइडर बस हाईजैक कर जलाई गई। शैंकिल में दो फोन शॉप लूटी गईं और एक अफ्रीकी प्रवासी की दुकान में आग लगाई गई। लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर व स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भी प्रवासी विरोधी प्रदर्शन-दंगे हुए।

हिंसा की शुरुआत बेलफास्ट में चाकूबाजी की घटना के बाद हुई। 40 वर्षीय व्यक्ति पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला किया गया था। वह गंभीर रूप से जख्मी है। घटना का वीडियो वायरल होते ही ऑनलाइल प्रदर्शन की अपीलें तेज हो गईं, जिसके बाद लोग सड़कों पर आए और हिंसा भड़क गई।

**खौफः कई प्रवासियों ने घर छोड़ा... नमाज रोकनी पड़ीः** बेलफास्ट में नकाबपोशों ने कई घरों को निशाना बनाया है। कुछ जगह 'विदेशियों को निकालो' जैसे नारे भी लगाए। स्थानीय पादरी जैक मैकी ने बताया कि लोग सिर्फ प्रवासी होने के कारण घर छोड़ने को मजबूर हुए। सैंडी रो इलाके में सूडानी दुकानदारों ने दुकानें जल्द बंद कर दीं। बेलफास्ट इस्लामिक सेंटर ने शाम की नमाज रोक दी।

**आरोपी शरणार्थी हादी ने 3 साल पहले मांगी थी शरणः** चाकूबाजी घटना का आरोपी हादी अलोदिद पुलिस गिरफ्त में है। वह सूडान से आया शरणार्थी है। पुलिस के मुताबिक वह सूडान से पेरिस फिर डबलिन आया। 2023 में वह बेलफास्ट पहुंचा और शरण मांगी।




**SBI भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-।।, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग,**
11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्सटॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली-110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in, फोन : 011-43179557, 9012141888

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला, गारंटर और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदारों/गारंटर्स और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूतदाता, से प्रतिभूत लेनदार भारतीय स्टेट बैंक की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांकों को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

| कर्जदार / गारंटर(रों) का नाम पता/पते सहित | नीलामी के अधीन आवृत्त प्रभारित प्रतिभूति का पता | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) / वृद्धि राशि | सुरक्षित ऋण जिसकी वसूली के लिए संपत्ति को बेचा जाना है | सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय एवं प्राधिकृत अधिकारी का नाम | बोली आवेदन पत्र, केवाईसी दस्तावेजों, पैन कार्ड, ईएमडी जमा करने का प्रमाण आदि जमा करने की तिथि व समय और धरोहर राशि BAANKNET के माध्यम से | ई-नीलामी की तिथि / समय 10 मिनट प्रत्येक के आसीमित स्वतः विस्तार सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.** गांव – रजाना, खसरा न. 38/1, गांव–हिवाड़ासेनाद्वार, भोपाल – नागपुर राजमार्ग (एनएच –69), तहसील और जिला – पांढुर्ना –480334, **कॉर्पोरेट कार्यालय – मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** ए–60, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज –2, नई दिल्ली – 110020, **पंजीकृत कार्यालय–मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** 25/694, शंकर नगर, भोपाल नागपुर हाईवे, पीओ पांढुर्णा, जिला– पांढुर्णा, मध्य प्रदेश – 480334, **मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** केवल इंडस्ट्रियल एस्टेट, एस.बी. मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013। **श्री कपिल चौधरी,** 6, फर्न (Fern) लेन, डीएलएफ फार्मस के अंदर, छतरपुर गांव, नई दिल्ली – 110074। **मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** पीएचडी हाउस, 4/2, सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली– 110016 | छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की व्यावसायिक भवन :– 1. खसरा नंबर 1335/1 (क्षेत्रफल 2.19 एकड़), 1336/4 (क्षेत्रफल 2.42 एकड़), 1336/5 (क्षेत्रफल 1.44 एकड़), 1336/6 (क्षेत्रफल 2.08 एकड़), 1337/1 (क्षेत्रफल 1.08 एकड़), 1338/1 (क्षेत्रफल 1.15 एकड़), 1338/3 (क्षेत्रफल 1.74 एकड़), 1343/1 (क्षेत्रफल 0.18 एकड़), 1343/7 (क्षेत्रफल 0.83 एकड़), जो कि मौजा राजना, गाँव राजना, तहसील **पांढुर्णा**, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश में स्थित है, जो सीएलसी टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है। क्षेत्रफल 13.11 एकड़ (जो सीएलसी टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को लीज/पट्टे पर दिया गया है)। चौहद्दी : उत्तर : प्लॉट नं. 1336/1, 1336/2 और 1336/3 दक्षिणः पात्रीकर पेट्रोल पंप और प्लॉट नं. 1338/4, 1337/2 और 1343/4 पूर्व : प्लॉट नं. 37, 34/1 और 35/2 पश्चिम : प्लॉट नं. 1332 और 1334 | ₹ 8,48,00,000/- <br> ₹ 84,80,000/- <br> ₹ 10.00 लाख | ₹62,07,69,581/– (बासठ करोड़ सात लाख उनहत्तर हजार पांच सौ इक्यासी रुपये मात्र) दिनांक 31.05.2026 तक, साथ ही संविदात्मक दर पर ब्याज और अन्य सभी विविध व्यय, शुल्क, लागत आदि। | **07.07.2026** दोपहर 12.00 बजे से अपरा‍ह्न 02.00 बजे तक <br> प्राधिकृत अधिकारीः श्री बलराम सिंह मुख्य प्रबंधक मो. 9001896305 | https://BAANKNET.com देखें <br> रिजॉल्यूशन ऐजेंटः श्री संदीप साहा मो. नं. 7428491902, 7011475445 | **14.07.2026** दोपहर 12.00 बजे से अपरा‍ह्न 04.00 बजे तक 10 मिनट प्रत्येक के असीमित स्वतः विस्तार सहित |

**2. सर्वे नंबर 35/1 (क्षेत्रफल 0.08 एकड़) और 38/1 (क्षेत्रफल 1.43 एकड़), मौजा हिवरासेनाद्वार, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, जो सीएलसी टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है। क्षेत्रफल 1.51 एकड़ (जो सीएलसी टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को लीज/पट्टे पर दिया गया है)।**
**चौहद्दी : सर्वे नंबर 35/1: उत्तर :** सर्वे नंबर 34/2 की भूमि **दक्षिण :** सर्वे नंबर 35/5 की भूमि **पूर्व :** सर्वे नंबर 35/8 की भूमि **पश्चिम :**सर्वे नंबर 34/1 की भूमि
**सर्वे नंबर 38/1: उत्तर :** सर्वे नंबर 38/3 की भूमि **दक्षिण :** सर्वे नंबर 39 की भूमि **पूर्व :** सर्वे नंबर 37 की भूमि **पश्चिम :** पांढुर्णा रोड
**(भौतिक कब्जे के तहत)**
**ज्ञात भार :– एसडीएम राजस्व पांढुर्णा, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश द्वारा जारी पत्र संख्या 8133 दिनांक 02.09.2019 के अनुसार 26.20 लाख रुपये का बकाया (और यदि कोई अन्य शुल्क/प्रभार हो, तो वह भी शामिल है)।**

**M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** द्वारा प्रदान किए गए ई-नीलामी साइट **https://BAANKNET.com** पर बोलीकर्ताओं द्वारा ईएमडी को अपने स्वयं के बटुए(**wallet**) में हस्तांतरित / जमा करना होगा।

**नियम व शर्तें:– ई–नीलामी "जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है" के आधार पर ऑन लाईन आयोजित की जायगी।**
ई–नीलामी **https://BAANKNET.com** लिंक के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, बोलीदाताओं को ई–नीलामी सेवा प्रदाता **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** की सेवा शर्तों का अनुपालन करना होगा।
इच्छुक बोलीदाता ई–नीलामी बंद होने से पूर्व **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** के पास प्री–बिड ईएमडी जमा कर सकते है। **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** के बैंक खाते मे भुगतान की प्राप्ति और ई–नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री–बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें।
तथापि इच्छुक बोलीदाता(ओं) को, ऋणभार, नीलामी में रखी गयी सम्पत्ति(यों) के स्वामित्व तथा सम्पत्ति(यों) को प्रभावित करने वाले दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के संबन्ध में अपनी स्वयं स्वतन्त्र जांच, अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व कर लेनी चाहिए। इस संदर्भ में ई–नीलामी विज्ञापन, बैंक की किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता/वचनबद्धता निर्मित नही करता है और न ही कोई वचनपद्धता/प्रतिवद्धता या प्रतिनिधित्व करता समझा जायेगा।
सफल बोलीदाता की **घरोहर राशि जमा (ईएमडी)** बिक्री प्राप्ति के भाग के रूप में रोक कर रखी जाएगी तथा असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि, पहले अदा की गई ईएमडी समायोजित करने के बाद प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के बाद अर्थात उसी दिन या अगले कार्य दिवस में जमा करनी होगी** तथा शेष राशि बिक्री के 15वें दिन या उससे पहले जमा करनी होगी। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान में चूक की स्थिति में पहले जमा की गई राशि जब्त मान्य होगी और सम्पत्ति की नीलामी नए सिरे से की जाएगी तथा चूककर्ता बोलीदाता का सम्पत्ति/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार मान्य नहीं होगा।
प्राधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार किसी तृतीय पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। यह ई–नीलामी वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम– 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियमों/शर्तो के अनुसार की जायेगी। और आयकर/जीएसटी नियम, जहां भी लागू हो।
ई–नीलामी के अन्य नियम व शर्ते निम्नलिखित वेबसाईट पर प्रकाशित की गई है। **https://BAANKNET.com, https://www.sbi.co.in**

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के अधीन बिक्री हेतु कानूनी नोटिस**

**तिथि : 10.06.2026, स्थान : पांढुर्णा (एमपी)** — **हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक**




आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

सादर प्रणाम

भारतवर्ष के प्रधानमंत्री के रूप में आपके यशस्वी नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश की समस्त जनता तथा अपनी ओर से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। आपके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजिटल नवाचार, आधारभूत संरचना निर्माण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आपके इस स्वर्णिम कार्यकाल की एक प्रमुख विशेषता, विश्व अर्थव्यवस्था के पटल पर भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरना रहा है। रूस यूक्रेन संकट में ऑपरेशन गंगा, कोविडकाल में वैक्सीन मैत्री, जी-20 की अध्यक्षता इन सभी में भारत एक वर्ल्ड लीडर के रूप में सामने आया है। आतंकवाद के विरुद्ध आपकी जीरो टॉलरेंस सभी ने देखी। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद बालाकोट स्ट्राइक और पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर, हर बार आपके मजबूत नेतृत्व में भारत ने दुश्मन को करारा जवाब दिया है।

आपके मन में देश के गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के लोगों के लिये गहन संवेदना है। यही कारण है कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। आज पूरे देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आपने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान देकर उनका पक्की छत का सपना साकार किया है। जल जीवन मिशन से नल से जल की व्यवस्था हुई है। देश के अन्नदाता के प्रति आपकी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में जा चुकी है।

नारी सशक्तिकरण के लिये आपके प्रयास हम सब के लिये अनुकरणीय है। लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिये आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण वंदनीय है। पिछले 12 वर्षों में आपने नारी सशक्तिकरण के लिये पीएम उज्ज्वला योजना, स्व-सहायता समूहों का गठन, लखपति दीदी, पीएम सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं की सौगात दी। आज देश में 48 प्रतिशत स्टार्टअप्स में महिला निदेशक हैं।

प्रदेश को हमेशा पल-पल पर आपका मार्गदर्शन स्नेह और आशीर्वाद मिला है। आपने मध्यप्रदेश को केन- बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती - कालीसिंध - चंबल लिंक परियोजना जैसी सिंचाई परियोजनाओं की सौगात दी है, आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश औद्योगिकीकरण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरवरी 2025 में आपने स्वयं पधार कर भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का उद्घाटन कर हमें अनुग्रहीत किया था। पिछले 2 वर्षों में प्रदेश को 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और तेजी से ये धरातल पर उतर रहे हैं। आपके ही कर कमलों से धार में देश के पहले टेक्सटाइल पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन आपके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े में सम्पन्न हुआ।

आपका आशीर्वाद मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में मिला है। आपने सड़क अधोसंरचना में मध्यप्रदेश को बड़ी सौगातें दी हैं। आपने 136 कि.मी. लंबे लगभग 3 हजार करोड़ रुपये लागत से उज्जैन- गरोठ ग्रीन फील्ड हाईवे का निर्माण कराया जिससे इंदौर एवं उज्जैन के लोगों को दिल्ली से कनेक्टिविटी मिली। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल 22 कि.मी. टाइगर कॉरिडोर, भोपाल- कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति, 6-लेन आगरा - ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की। आपके द्वारा प्रदेश को दी गई कई सड़क परियोजनायें प्रगतिरत हैं।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में वर्ष 2026 "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष गेहूं में समर्थन मूल्य पर 13.42 लाख किसानों द्वारा 104.36 लाख मे. टन गेहूं विक्रय किया गया है। यह विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक है। भावान्तर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक लगभग 6 लाख 86 हजार किसानों के खाते में लगभग 1 हजार 454 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया है।

आपके नेतृत्व में गरीबों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में मध्यप्रदेश लगातार कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में 9 लाख से अधिक हितग्राहियों को अपना पक्का घर मिला है वहीं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में 54.08 लाख नागरिकों को आवास मिले हैं। आवास पूर्णता में संख्यात्मक रूप में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश में 15.94 लाख प्रकरणों में 2697 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति हुई है। प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 12 से बढ़ कर 14 हो गई है। इसी तरह से भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का भी आपके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विस्तार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में 7 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हैं तथा 8 नए कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं। आपकी राष्ट्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में दी गई सबसे बड़ी सौगात "आयुष्मान भारत" में जनसंख्या अनुपात में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।

आप ने इन 12 वर्षों में भारत वर्ष के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत को भी पुन: जागृत किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र की चेतना का जागरण है। आपके द्वारा काशी विश्वनाथ धाम, श्री महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम एवं सोमनाथ धाम का विकास वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अद्भुत प्रयास है। वर्ष 2014 में आपके प्रयास से संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। आज 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपना चुके हैं। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति को मिली विश्व की सबसे बड़ी मान्यता है।

आपके कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में पूरे भारत वर्ष में मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था, उसे मध्यप्रदेश ने भी प्राप्त कर लिया। यह आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि दशकों से चली आ रही एक राष्ट्रीय समस्या का उन्मूलन संभव हो सका। अब आपके मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित गाँवों के त्वरित विकास के लिये माइक्रो डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र ने देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में भारत अमृतकाल के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए विश्व में और अधिक गौरवशाली स्थान प्राप्त करेगा।

सादर !

भवदीय

(डॉ. मोहन यादव)
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11032

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

epaper-bhaskarhindi-com.wl6-demo.readwhere.com